# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक, माधव राष्ट्रीय उद्यान, शिवपुरी (मध्य प्रदेश)

क्रमांक/मा.चि./ 2018/ 973 शिवपुरी, दिनांक/28-4-18

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रकीय विभाग
शिवपुरी (म.प्र.)

विषय :– माधव राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से गुजरने वाले शिवपुरी–झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग लिंक रोड़ के किनारे 1.83 हे. वनक्षेत्र में भूमिगत सीवर लाइन बिछाये जाने के संबंध में **संशोधित मांग पत्र**।

संदर्भ :– भारत शासन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय का पत्र क्रमांक/003 दिनांक 02.04.18, इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/829 दिनांक 7.4.18, आपका पत्र क्रमांक/1242 दिनांक 23.4.18 एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्रमांक/1148 दिनांक 24.4.18

––––00––––

विषयांकित प्रकरण में इस कार्यालय के संदर्भित पत्र द्वारा आपको 5.00 करोड़ रू. का मांग पत्र जारी किया गया था, जिसके संबंध में आपके एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) के संदर्भित पत्र के आधार पर पूर्व में जारी किये गये मांग पत्र में निम्नानुसार **संशोधन** किया जाता है :–

| क्र. | विवरण | राशि रू. |
|---|---|---|
| 1 | प्रोजेक्ट कॉस्ट 730.34 लाख रू. की 5% राशि | 36,16,700.00 |
| 2 | 1.83 हेक्टेयर वनक्षेत्र की नेट प्रेजेन्ट वैल्यु @8,03,000/–प्रति हेक्टर की दर से राशि रू. 14,69,490/– की 10 गुना राशि | 1,46,94,900.00 |
| 3 | कलेक्टर शिवपुरी के आदेश क्रमांक/15 दिनांक 13.4.16 द्वारा तहसील शिवपुरी के ग्राम डोंगरी के सर्वे नम्बर 56 की 1.83 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर 10 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की राशि | 35,57,375.00 |
| | **कुल योग :** | **2,18,68,975.00** |

1– अतः उपरोक्त राशि में से प्रोजेक्ट कॉस्ट की 5 प्रतिशत राशि रू. 36,16,700/– म.प्र. टाइगर फाउंडेशन सोसाइटी के भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा टी.टी.नगर भोपाल के खाता क्रमांक **10571048460** आई. एफ.एस.सी. कोड **SBIN0001308** में जमा कराई जाना है एवं,

2– अनुक्रमांक 02 की राशि रू.1,46,94,900/– ई–पोर्टल में जमा कराई जाना है।

3– आपके पत्र क्रमांक 793 दिनांक 23.02.16 एवं वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी के पत्र क्रमांक 4817 दिनांक 20.07.16 के अनुसार अनुक्रमांक 03 में उल्लेखित वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि रू. 35,57,375/– आपके द्वारा व्हाउचर नम्बर 8443/59, ई–चैक नम्बर W390514586 दिनांक 19.02.16 राशि रू. 35,57,376/–, डी.डी.ओ. कोड़ 3903402001 यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, सुन्दर नगर, नई दिल्ली, IFSC Code UBIN0534498 में कैम्पा खाता नम्बर 344902010105423 में जमा कराई जा चुकी है। जमा राशि का UTR No SBIN216050505738 है।

अतः उपरोक्तानुसार संशोधित राशि जमा कराकर, राशि जमा कराने का प्रमाण एवं प्राप्त स्वीकृति का बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन शीघ्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करें और स्वीकृति के बिन्दु क्रमांक 8 के पालन हेतु प्रस्तावित 1.83 हेक्टेयर वनक्षेत्र का 4 फुट ऊंचे आर.सी.सी. पिलर्स द्वारा सीमांकन आवेदक विभाग द्वारा अपने विभागीय व्यय से कराये जाने का वचन पत्र प्रस्तुत करें, ताकि तदनुसार आगामी कार्यवाही की जा सके।

28/4/18
(एच.एस.मोहन्ता)
**मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक**
**माधव राष्ट्रीय उद्यान, शिवपुरी**

पृ.क्रमांक/मा.चि/2018/ 974 शिवपुरी, दिनांक/ 28-4-18

प्रतिलिपि :-

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र. भोपाल की ओर सहपत्रों सहित सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर उनके पत्र क्रमांक/1148 दिनांक 24.4.18 के पालन में सूचनार्थ सम्प्रेषित। आवेदक विभाग द्वारा वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि रू. 35,57,376/- दिनांक 20.02.16 को कैम्पा मद में जमा कराई जा चुकी है। इसकी पुष्टि हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शिवपुरी के पत्र क्रमांक/793 दिनांक 23.02.16 एवं वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी के पत्र क्रमांक/4817 दिनांक 20.7.16 की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।
3. मुख्य वन संरक्षक, शिवपुरी वृत्त शिवपुरी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. कलेक्टर, जिला शिवपुरी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

28/4/18
(एच.एस.मोहन्ता)
**मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक**
**माधव राष्ट्रीय उद्यान, शिवपुरी**